हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 सुशासन तिहार जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने...



14 राइजिंग पाइप लाइन फटी रात तक नहीं हुई जलापूर्ति



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में आज से मधुमेह क्लिनिक शुरू

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल मधुमेह योजना अंतर्गत जिला अस्पताल में बुधवार से बाल मधुमेह क्लिनिक की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत टाईप वन डायबिटीज से ग्रसित बच्चों का पंजीयन कर उन्हें शासन से मिलने वाले लाभ की सुविधा दी जाएगी।

### जिले के शिक्षक आज मंत्रालय घेराव में होंगे शामिल

**धमतरी।** प्रदेश सरकार के विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकारण के विरोध में राज्य के 23 शिक्षक संगठनों द्वारा बनाए गए साझा मंच के बैनरतले धमतरी जिले के शिक्षक भी 28 मई को रायपुर मंत्रालय घेराव में शामिल होंगे। यह प्रदर्शन रायपुर के तूता धरनास्थल पर होगा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दौलत ने कहा कि शिक्षक संगठनों को युक्तियुक्तकरण से आपत्ति नहीं है बल्कि वह 2008 के बनाए गए सेटअप के अनुसार इसे लागू करने की मांग कर रहे हैं।

### सत्रांत परीक्षा 26 जून से

**धमतरी।** पं सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छग बिलासपुर के बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी परीक्षा केन्द्र में सत्रांत परीक्षा 26 जून से 20 अगस्त तक प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2 बजे से 5 बजे तक होगी। बीए, बीएससी, बीकॉम एवं बीसीए के आधार पाठ्यक्रमों की परीक्षा ओएमआर सीट पर होगी। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### एकमुश्त तीन माह का चावल मिलेगा

**धमतरी।** जिले की उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्डधारियों को जून से अगस्त माह तक के तीन महीने का चावल एकमुश्त दिया जाएगा। खाद्य अधिकारी बी.के. कोर्राम ने जिले के राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे जून माह में तीनों माह के चावल का एकमुश्त उठाव करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था के साथ शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि धमतरी जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 484 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं। यहां वर्तमान में 2 लाख 55 हजार 218 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिसमें 2 लाख 30 हजार 205 बीपीएल राशनकार्ड और 25 हजार 13 एपीएल राशनकार्ड शामिल हैं।

### करंट से गाय और बछड़े की मौत



**अंवरी।** करंट की चपेट में आने से एक गाय और एक बछड़े की मौत हो गई। एक अन्य गाय भी घायल हुई है। ग्राम कोलियारी निवासी संजय साहू पिता स्व. भुवनलाल साहू ने बताया कि 26 मई की सुबह उनके 6 मवेशी खेत की ओर जा रहे थे, तभी खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आने से एक गाय और एक बछड़े की घटनास्थल में ही मृत्यु हो गई। एक गाय बुरी तरह से घायल हो गई। थाना भखारा और पशु चिकित्सक को इस घटना की जानकारी दी गई। शल्य चिकित्सक डॉ अनुराधा यादव, डॉ एच. साहू एवं डॉ नवीन साहू घटनास्थल पहुंचे और पोस्टमार्टम किया।

---

पिछले शिक्षण सत्र में 98 छात्र ड्राप आउट थे, जनवरी 2026 में फिर होगा सर्वे

# कम नहीं हो रही ड्राप आउट छात्रों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकारी स्कूलों में ड्राप आउट छात्रों की संख्या कम नहीं हो रही है। पिछले शिक्षण सत्र में भी 108 छात्र ड्राप आउट थे। काफी मशक्कत के बाद 10 छात्रों को स्कूल में रेगुलर किया गया। बाकी 98 छात्रों के लिए कदम कार्यक्रम के तहत शिक्षा की व्यवस्था की गई।

काफी कोशिश के बाद भी कक्षा तीसरी से आठवीं तक ड्राप आउट छात्र कम नहीं हो रहे हैं। ये छात्र झुग्गी झोपड़ी के रहने वाले हैं, जो स्कूल में एडमिशन तो ले लेते हैं, उसके बाद स्कूल से गायब हो जाते हैं। इसमें से अधिकांश बच्चे भटगांव, स्टेशनपारा के देवार डेरा के हैं जो पढ़ाई छोड़कर कबाड़ी बीनने, कचरा बीनने या भिक्षावृत्ति में लग जाते हैं। इसके पालक भी स्कूल भेजने की अपेक्षा उन्हें इन कामों के लिए जोर देते हैं। यही कारण है कि इनमें से अधिकांश बच्चे हर साल एडमिशन के बाद स्कूल से गायब हो जाते हैं। इस साल भी इन छात्रों का एडमिशन स्कूलों में कराया गया है, लेकिन कितने बच्चे स्कूल आते हैं और कितने गायब रहते हैं। इसका पता स्कूल खुलने के बाद होगा। पढ़ाई शुरू होने के बाद जनवरी माह में शिक्षक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इसके बाद ड्राप आउट बच्चों की लिस्ट तैयार कर उन्हें स्कूल तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।



फाइल फोटो

### पूरी तरह से ड्राप आउट नहीं

ये छात्र पूरी तरह से ड्राप आउट की श्रेणी में नहीं आते हैं। जानकारी के अनुसार इन बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया जाता है। शुरूआती के दिनों में ये स्कूल आते भी हैं लेकिन इसके बाद स्कूल में मन नहीं लगने के कारण ये गायब हो जाते हैं। कोई 15 दिन तो कोई एक माह तक ही पढ़ाई करता है। यही कारण है कि स्कूल खुलने के कुछ दिनों बाद जनवरी माह में सर्वे किया जाता है। पिछले साल जनवरी माह में सर्वे किया गया था, जिसमें 108 छात्र स्कूल से लंबे समय तक गायब रहे। उन्हें ड्राप आउट मानकर स्कूल में लाने की कोशिश की गई।

### कदम से मिलेगी शिक्षा

जनवरी माह में सर्वे के दौरान 108 ड्राप आउट छात्रों में से 10 को स्कूल में रेगुलर किया गया। बाकी बचे 98 छात्रों के लिए कदम कार्यक्रम के तहत शिक्षा की व्यवस्था की गई। इसके तहत ड्राप आउट छात्रों के अनुदेशक की नियुक्ति की गई, जो छात्रों के लर्निंग आउट कम के हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। अनुदेशक इन छात्रों की प्रतिदिन 4 घंटे की क्लास लेते थे। इस साल भी जनवरी माह में सर्वे कर ड्राप आउट छात्रों के लिए कदम योजना के तहत शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अनुदेशकों को हर छात्र के पीछे प्रति माह 400 रुपए का मानदेय दिया जाता है।

# सड़क हादसे में बाइक चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ग्राम रांवा की घटना

तेज रफ्तार बाइक ने सामने जा रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दूसरी बाइक में सवार युवक घायल हो गया है।

परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी कृष्णा यादव पिता जीवधन उम्र 21 वर्ष मंगलवार को अपनी मोटरसाइकिल से मेहमान आई फुफेरी बहन धारिणी यादव को उसके घर ग्राम परसुली कंवर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान ग्राम रांवा के अटल चौक के पास तेज रफ्तार बाइक के चालक ने सामने जा रही मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर में दोनों भाई बहन मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए। घटना में युवक घायल हो गया। घायल को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया।

# उपभोक्ता फोरम में टाटा इंश्योरेंस के खिलाफ अवार्ड पारित


■ बीमा धन देने से हीलाहवाला, बीमा कंपनी पर बीमा धनराशि सहित मानसिक पीड़ा, वाद व्यय देने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यह खबर वाहन मालिकों के लिए खास है। वाहन का बीमा पॉलिसी कराने पर वाहन मालक के नाम से 15 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा एड होता है। न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने दुर्घटना में वाहन मालिक की मौत होने के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने परिवादी को बीमा राशि के साथ मानसिक पीड़ा एवं वाद व्यय के लिए राशि अदा करने का आदेश पारित किया है।

भखारा तहसील के ग्राम सिहाद निवासी गौतम पिता नारायण बैस 34 वर्ष ने अधिवक्ता ओपी चंद्राकर के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि गौतम परिवादी के पिता के नाम पर पंजीकृत मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एएच 1763 का बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड फाफाडीह रायपुर द्वारा किया गया था। जिसकी अवधि 10 अप्रैल 2019 से 9 अप्रैल 2020 तक के लिए प्रथम पक्ष के लिए थी तथा 10 अप्रैल 2019 से 9 अप्रैल 2024 तक तृतीय पक्ष के लिए थी। उक्त बीमा पालिसी में वाहन स्वामी के वाहन चलाते समय मृत्यु हो जाने की दशा में दुर्घटना मृत्यु को कवर करने 375 रुपए का प्रीमियम लिया जाता है जिसके तहत 15 लाख रूपए का बीमा जोखिम रहता है। 1 जनवरी 2020 को वाहन स्वामी की आकस्मिक वाहन दुर्घटना में गंभीर चोट आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। परिवादी ने बीमा धन 15 लाख रूपए मांग के लिए टाटा एआईजी इंश्योरेंस कंपनी को आवेदन रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित किया, लेकिन बीमा कंपनी ने बीमाधन राशि परिवादी को नहीं दी। इस पर परिवादी ने 18 फरवरी 2022 को जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी के खिलाफ सेवा में निम्नता एवं व्यावसायिक कदाचरण किए जाने की शिकायत की।

इस मामले में बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बीमित वाहन बुलेट मोटर साइकिल का बीमा नियम शर्तों के अधीन किया गया है। बुलेट और होंडा डीलक्स के बीच टक्कर के परिणाम स्वरूप रजिस्टर्ड ▶▶ शेष पेज 13 पर



### आयोग ने सुनाया फैसला

उपभोक्ता आयोग के बेंच ने अवार्ड पारित कर कहा कि बीमा कंपनी 45 दिवस की अवधि के भीतर परिवादी को बीमाधन की राशि 15 लाख रूपए अदा करें। परिवाद प्रस्तुति के दिनांक 7 जून 2024 से अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी अदा करें। मानसिक पीड़ा के लिए 20 हजार रूपए तथा परिवादी को वाद व्यय के एवज में 5 हजार रूपया पृथक से अदा करने का फैसला दिया है।

# युवक को लूटने के बाद चाकू से किया घायल, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ गंगरेल घूमने आया था युवक

गंगरेल घूमने जा रहे युवक को स्कूटी सवार लिफ्ट देकर गार्डन में ले गए। वहां बटंची की नोक पर युवक से लूटपाट करने के बाद उसके पैर में चाकू मार दिया। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग सहित 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मनोज मरकाम पिता लखनलाल उम्र 38 वर्ष ग्राम बागोडार जिला कांकेर निवासी राजमिस्त्री का काम करता है। सोमवार को युवक अंगारमोती माता का दर्शन करने के लिए गंगरेल जाने घर से निकला था। बस से धमतरी पहुंचकर युवक अम्बेडकर चौक में उतरकर ऑटो में सवार हो गया। ऑटो ने युवक को रूद्री में छोड़ दिया। रूद्री से युवक बाइक में लिफ्ट लेकर ग्राम मरादेव पहुंचा। यहां से युवक पैदल गंगरेल जा रहा था। इसी दौरान तीन लड़के स्कूटी में सवार होकर आ रहे थे जिसे रोककर उसने लिफ्ट ले लिया। आगे मोड़ पर उसके तीन दोस्त बाइक में रूके हुए थे। वे सभी युवक को गंगरेल गार्डन के नीचे ले गए। इस दौरान एक युवक ने उसका बैग चेक करते हुए शराब के बारे में पूछा। वहीं उसके एक साथी ने अपनी जेब से बटंची चाकू निकाल धमकाते हुए युवक से 800 रूपये लूट लिया। मनोज द्वारा मदद के लिए चिल्लाने पर युवकों ने बटंची चाकू से उसके पैर पर हमला कर दिया। घटना के बाद सभी 6 लोग वहां से भाग गए। घायल युवक ने रूद्री थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। लूटपाट करने वालों में दो नाबालिग भी शामिल थे। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के खिलाफ धारा 311 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। सभी आरोपियों के आमापारा निवासी होने की सूचना मिलने पर रूद्री पुलिस उन्हें पकड़ थाना ले गई।

एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने मीडिया को बताया कि इस घटना में चार युवक व दो नाबालिग शामिल हैं। सभी आरोपी धमतरी के रहने वाले हैं। पुलिस सभी आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



# खराब रिजल्ट, प्राचार्यों पर गिरी गाज

■ संयुक्त संचालक ने बैठक लेकर परीक्षा परिणाम की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोर्ड परीक्षा के खराब रिजल्ट की समीक्षा करने के लिए शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडे ने जिले के सभी प्राचार्यों की बैठक ली। इस दौरान खराब रिजल्ट देने वाले स्कूल के प्राचार्यों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को वेतन शत प्रतिशत मिलता है, तो परिणाम 50 प्रतिशत देना नहीं चलेगा।

जिले में बोर्ड परीक्षा का परिणाम निराशाजनक रहा। खराब रिजल्ट को देखते हुए शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक रायपुर राकेश पांडे ने बालक स्कूल में जिले के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। 50 प्रतिशत से कम परिणाम प्राप्त करने वालों स्कूल के प्राचार्यों की क्लास ली। हर स्कूल के रिजल्ट की विषयवार समीक्षा की। कई स्कूलों में कई विषय के परिणाम 11-12 प्रतिशत तक मिले। इन स्कूल के प्राचार्यों पर भी कार्रवाई के संकेत दिए। नत्थूजी जगताप नगर निगम स्कूल का परीक्षा परिणाम भी काफी खराब आया है। इस स्कूल में इतिहास विषय को वायरमेन द्वारा पढ़ाना बताया गया। यहां के प्राचार्य की वेतनवृद्धि रोकने का आदेश दिया गया। बैठक बालक स्कूल में आयोजित थी। इस स्कूल का भी परिणाम भी खराब आया है। प्राचार्य पर भी कार्रवाई हुई है। बैठक में शत प्रतिशत परिणाम लाने वाले प्राचार्यों का अनुभव सुनकर शाबाशी दी गई। समीक्षा बैठक में सहायक संचालक शिक्षा अजीव सिंह जाट, धमतरी डीईओ टीआर जगदल्ले सहित बीईओ, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।



# बाईपास में स्कार्पियो पलटी, सवार घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


■ दो बाइक की भिड़ंत में दो लोग हुए घायल

मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बाईपास में पलट गई। घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं दो बाइक में हुई भिड़ंत से दोनों चालक घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम चिटौद थाना पुरुर के एक युवक का सेना में चयन होने पर परिजन व ग्रामीण सोमवार को उसे स्कार्पियो वाहन से रेलवे स्टेशन रायपुर छोड़ने गए थे। युवक को स्टेशन में छोड़कर परिजन व ग्रामीण रात्रि में वापस चिटौद लौट रहे थे। इसी दौरान बाईपास में अचानक मवेशी आ गया। चालक मवेशियों से टकराने से बचने का प्रयास कर रहा था। इसी चक्कर में तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में स्कार्पियो में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अन्य लोगों को मामूली चोट आई है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस पेट्रोलिंग मौके पर पहुंच गई। रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से घायल को एकता अस्पताल पहुंचाया गया।

सोमवार की रात्रि रूद्री रोड के कर्मा चौक के पास दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में एक बाइक सवार कैलाश पटवा पिता रामलाल उम्र 48 वर्ष रूद्री निवासी व दूसरे बाइक में सवार शिवनारायण वैष्णव पिता नरोत्तम उम्र 25 वर्ष हटकेशर वार्ड निवासी घायल हो गए। सोनू नेताम की सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल शिवनारायण की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे रिफर कर दिया। वहीं घायल कैलाश पटवा को वार्ड में भर्ती किया गया था। बाद में वह भी अन्य अस्पताल चला गया।





एक-दो स्थानों में भारी तथा अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी

# समय से पहले मानसून का आगमन, किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रबी में धान फसल की कटाई-मिंजाई में पिछड़ चुके किसानों के लिए असामयिक वर्षा मुसीबत बनी हुई है लेकिन समय से पहले मानसून के आगमन से जिले के किसानों में उत्साह है। किसान अभी से खेती-किसानी की तैयारी में जुटने लगे हैं।

क्षेत्र के किसान रामप्यारी, संतोष धीवर, जगतराम साहू ने बताया कि अक्षय तृतीया पर्व से आसमान में बादल घुमड़ने, हल्की-मध्यम बारिश होने का सिलसिला शुरू हो जाता है लेकिन मानसून 15 जून के बाद ही आता है। मानसून आने के बाद भी किसान पानी के लिए आसमान तांकते रहते हैं। इस साल का मौसम ही कुछ और है। नवतपा में जमकर बारिश हो रही है और मानसून भी समय से 15 दिन पहले पहुंचने वाला है। अच्छी बारिश होने से किसान उत्साहित हैं। एक फसल लेने वाले किसानों ने खुर्रा बोनी-बोता की तैयारी शुरू कर दी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 2 से 3 दिन के दौरान छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण उड़ीसा तट से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने और 48 घंटों के दौरान और अधिक स्पष्ट होने की संभावना है। दक्षिण छग और इससे सटे पूर्वी विदर्भ के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। पश्चिमी मध्यप्रदेश के मध्य भागों पर चक्रवाती परिसंचरण के मध्य से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान से उत्तरी छग तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इससे प्रदेश के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।



फाइल फोटो

### बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 29 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा गुरूवार 29 मई को धमतरी शहर में बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा एक पॉली में प्रातः 10 से 12.15 बजे तक 4 केन्द्रों में होगी। जिले में कुल 1417 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9.30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित है। प्रातः 10 बजे के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा के लिए डॉ. विनोद कुमार पाठक समन्वयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) पवन प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में दो लोगो की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत गुर्दाटोला मोड़ के पास 25 मई को हुई सड़क दुर्घटना में अटल चौक कोड़ेकुर्से निवासी 16 वर्षीय संदीप कुमार कोमरा और पटेलपारा कोड़ेकुर्से निवासी 26 वर्षीय कृष्ण कुमार का मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात कारणो से युवक की मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत साल्हेभाट निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र शोरी का जिला अस्पताल में 26 मई को दोपहर साढ़े 12 बजे मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणो से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रभारी मंत्री शर्मा से मिला शिक्षक संघ

**जगदलपुर।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक संजय शर्मा ने कहा है कि सीधी भर्ती के 43243 पद एवं पदोन्नति के 19452 पद कुल मिलाकर 63695 पद शिक्षा विभाग में रिक्त हैं। इन पदों की पूर्ति पदोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से किया जाए। प्रथमतः पदोन्नति करने के साथ ही साथ नया शिक्षा सत्र का आरंभ हो रहा है ऐसे में प्रशिक्षित बेरोजगारों को भी शिक्षक पद पर भर्ती कर छत्तीसगढ़ की शिक्षा को बेहतर करने का कार्य किया जाना चाहिए।

### मड़ेली में आयोजित संगोष्ठी में विधायक ने होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला

# महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण की मिसाल थीं अहिल्या बाई : अजय





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई कुशल प्रशासक व धर्म के प्रति आस्था रखती थी। इनका विवाह महज 8 वर्ष की आयु में खंडेराव होल्कर से हुआ। 1754 के युद्ध में इनके पति खांडेराव होलकर की मृत्यु हो गई। 1767 में उनके ससुर मल्हार राव होल्कर की भी मृत्यु हो गई तब उन्होंने शासन की कमान अपने हाथ में संभाली और एक कुशल प्रशासक के रूप में काम करते हुए इंदौर को एक समृद्ध व्यापारिक व सैन्य केंद्र बनाया। अहिल्याबाई होल्कर में बचपन से भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था थी। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जो मुगल आक्रमणों द्वारा क्षतिग्रस्त हो गया था। अपनी निजी संपत्ति से चारोंधाम, सप्तपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया। कुशल सुशासन, महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण का जो काम उन्होंने किया है वह आज देश के प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों में देखने को मिलता है। गौकरण साहू जिपं उपाध्यक्ष ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर को जनसेवा के लिए स्मरण किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन थानेश्वर तारक महामंत्री ने किया।

मौके पर नारायण गिरि, अमित सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, सुनील गायकवाड जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि, श्रीमती वीणा लक्ष्मीनारायण साहू सरपंच, डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र पूर्व अध्यक्ष, गौरव भोंसले महामंत्री, रामलाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, संतोष साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, नोमेश साहू, शेखर साहू, चैतराम देवांगन, अरुण साहू, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, नवीन गांधी, आनंद गांधी, चंद्रशेखर साहू सभापति, रूपचंद देवांगन सभापति, ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य, अनुराग साहू जनपद सदस्य, श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य, श्रीमती ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, नरेंद्र ध्रुवंशी सोसायटी अध्यक्ष, ओमप्रकाश देवांगन उपसरपंच, सरपंचगण राकेश साहू, देवचरण चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, डॉ खेमराज साहू, पूरन धृतलहरे, विजय, शिवराम, श्रीमती जयश्री, देशात सिन्हा, सुरेश साहू, पूजा साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली



- शहादत दिवस मनाकर झीरम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कुरुद नगर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद, भखारा व मगरलोड द्वारा विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली निकाली गई व शहादत दिवस मनाते हुए झीरम के शहीदों को कारगिल चौक स्थित स्मारक में छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि देश में केन्द्र सरकार द्वारा संविधान को अनदेखा किया जा रहा है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, दलित, शोषित व पिछड़ों के अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने झीरम के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन हिंदुस्तान के इतिहास का सबसे काला दिन था। नक्सलियों ने घेरकर हमारे शीर्ष नेतृत्व विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित तीस से अधिक साथियों को शहीद कर दिया। आज तक हत्या के साजिशकर्ता व गुनाहगारों का पर्दाफाश नहीं हो पाया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुरूद अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, कांग्रेसी नेतागण सुश्री राजकुमारी दीवान, तारिणी चन्द्राकर, भरत नाहर, रमेश्रर साहू, बसंत साहू, प्रमोद साहू, प्रहलाद चंद्राकर, रवि शर्मा, रामा साहू, गीता राम सिन्हा, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद डुमेश साहू, विनोद साहू, पार्षद मनीष साहू, अर्जुन ध्रुव, गिरिश साहू, पप्पू राजपूत, रविन्द्र साहू, हितेंद्र केला, तुकेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# पटेल समाज मेहनतकश : भानु

- कोसरिया मरार पटेल समाज तहसील इकाई कुरूद का वार्षिक अधिवेशन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कोसरिया मरार पटेल समाज तहसील इकाई कुरूद का वार्षिक अधिवेशन तहसील इकाई भवन कुरूद में हुआ। मुख्य अतिथि भानु चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, संरक्षक बंशीलाल पटेल, सुखउराम पटेल, तुलसीराम पटेल, तहसील अध्यक्ष वासुदेव पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कमलवंशी, सचिव भोजराज पटेल, कोषाध्यक्ष धनेश्वरप्रसाद पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष कपिल पटेल, बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल, बारना राज अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल की उपस्थिति में मां शाकंभरी एवं रामचन्द्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। आय-व्यय की जानकारी सदन में रखी गई। नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद पटेल करगा, उपाध्यक्ष हुकुम पटेल बगौद, सचिव भोजराज पटेल कोकड़ी, कोषाध्यक्ष दानी विनय पटेल चरमुड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कमलवंशी कुरूद, महासचिव राधेलाल पटेल मरौद बनाए गए। मुख्य अतिथि भानु चन्द्राकर ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश समाज है। वह अपनी मेहनत से पूरे देश को शाक-सब्जी, कंद-मूल उपलब्ध कराकर जीवों का पोषण करता है। उन्होंने समाज को संगठित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और पटेल समाज को पूर्ण रूप से सहयोग करने आश्वस्त किया।

# वट सावित्री व्रत रख महिलाओं ने मांगी पति की लंबी आयु



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नगर की सुहागिन महिलाओं ने बीते सोमवार को वट सावित्री व्रत रख अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। इस दिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण किया। कुमकुम, गुलाल, बंदन, मौली धागा, फूल, दुबी, नारियल व सूजी का हलवा लेकर वट वृक्ष के पास बैठकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं।

# सुखी दांपत्य जीवन के लिए रखा व्रत

- डांडेसरा की महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



सोमवार को ग्राम डांडेसरा की सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर वट सावित्री का व्रत रखा। यह व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए रखती है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। इसी कारण पूजा का महत्व और बढ़ जाता है। सुहागिन महिलाएं रंग बिरंगी साड़ियों में सजकर, सोलह श्रृंगार कर, वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत्र बांधकर पति की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने कथा सुनी। इस अवसर पर खुमेश्वरी साहू, संध्या साहू, वैजंतीमाला साहू, डागेश्वरी ध्रुव, दुर्गा साहू, केशमी साहू, उर्वशी साहू, ईश्वरी साहू, मालती साहू, सिद्धि साहू, पायल साहू आदि उपस्थित थीं।

# कोलियारी-खरेंगा मार्ग में दलदल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोलियारी खरेंगा जोरातराई निर्माणाधीन 32 किलोमीटर दूरी मार्ग पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गया है। आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण संघर्ष समिति की संयोजिका गीतेश्वरी साहू ने कहा है कि सड़क को आम लोगों के चलने के लायक व्यवस्थित किया जाना चाहिए। नहीं तो शासन- प्रशासन को जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा। दयाराम साहू ने कहा कि सड़क पर मिट्टी डालने का कार्य किया गया जिससे यहां समस्या खड़ी हो गई है। सड़क को दुरुस्त करने की मांग हिरेंद्र साहू, गोपाल साहू, निरंजन साहू, योगेश केसरिया, काशीराम साहू, खुमान साहू, प्रकाश साहू, जोगेश्वर साहू, शेखन साहू, चोखे साहू, तुलेश्वर साहू, हीरादास केसरिया, कन्हैया साहू ने की है।

### डांडेसरा में निःशुल्क समर कैंप का हुआ समापन

# शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त और समृद्ध बनाती है : महेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा माध्यमिक शाला डांडेसरा में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन 27 मई तक किया गया, जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के लगभग 45 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को हस्त लिखित पुस्तिका निर्माण, पेपर से खिलौना, अखबारी टोपी, कविता पाठ, नाम कार्ड, मुखौटा निर्माण, थम्ब से चित्रकारी, कहानी पढ़ना, कहानी पर चित्र बनाना, वाचन, चित्र से कविता निर्माण, पेंटिंग अभिनय जैसी बाल रचनात्मक गतिविधियां सिखाई गई।



इस दौरान कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष शिक्षक महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति सदैव सम्मान प्राप्त करता है, इसलिए जितना हो सके अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा वह है जिसे कोई किसी से छीन नहीं सकता। शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त, समृद्ध और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता और शांति को बढ़ावा देती है। समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती हैं। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है। शिक्षा व्यक्तित्व, चरित्र और आदर्शों का निर्माण करती है। आगे कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार की अहम भूमिका होती है और अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर थीं। अध्यक्षता ग्रामीण उपाध्यक्ष हरीश साहू ने की।

इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश साहू, शिक्षक किरण कुमार साहू, उत्तम कंवर, टिकेश्वर साहू, अंगद चन्द्राकर, जुगल साहू आदि उपस्थित थे।

# देवपुर डोंगेश्वरधाम में सेन जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम देवपुर डोंगेश्वरधाम सेन भवन में श्रीवास सेन समाज छुही सलोनी पाली द्वारा सेन जयंती मनाई गई जिसमें रोजी-रोटी से संबंधित विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर रामसिया सेन, उमेश सेन, देवव्रत सेन, हेमंत सेन, गोविंद भारद्वाज, बसंत सेन, रोहित कुमार सेन, इंद्रजीत सेन, कामदेव सेन, ईश्वर सेन, अनूप सेन, नंदकुमार सेन, घासीराम सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### सिलौटी कॉलेज में मनाई गई अहिल्या बाई होल्कर की जयंती

# अहिल्या बाई एक कुशल शासक व धार्मिक महिला थीं : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि विषम परिस्थितियों में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य को ही नहीं सशक्त बनाया बल्कि जनता की भलाई खासकर महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चलाईं। तहस-नहस किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार भी कराया। उन्होंने अहिल्याबाई के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि वह एक कुशल शासक एवं धार्मिक महिला थीं। विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर एवं सोमनाथ मंदिर का निर्माण कराया और अनेक धर्मशालाएं बनवाईं।

विधायक प्रतिनिधि हरखचन्द जैन ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी को याद करते हुए उनके गुणों को आत्मसात कर विकसित व सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने में हम सबको एक नई ऊर्जा मिल सकती है। जनपद पंचायत कुरुद की सभापति श्रीमती सिंधु बैस व समाजसेवी दुलार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन छात्रों को महापुरुषों के जीवन से निरंतर प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं कॉलेज छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### वट सावित्री पर महिलाओं ने रखा व्रत, किया पूजा पाठ

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा में बट सावित्री का व्रत महिलाओं ने पुराना तालाब के पास वट वृक्ष के नीचे सभी माताओं ने वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर उनके नीचे बैठकर श्रद्धा विश्वास के साथ बट सावित्री का पूजन की। सभी माताओं को बट सावित्री का कहानी मोहन यादव ने सुनाई। पूजा पाठ में मोहिनी यादव, टिकेश्वरी पटेल, दुर्भाशनी यदु, तुलेश्वरी पटेल, चुन्नी यादव, रश्मि यादव, दीप्ति यादव, प्रीति पटेल, साधना पटेल, लक्ष्मी पटेल, शतरूपा पटेल, मीनाक्षी पटेल, कुसुम पटेल, कामेश्वरी मरकाम, सपना मांडवी व अन्य ने हिस्सा लिया।

### राज्यपाल का चारामा विश्राम गृह में कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका कांकेर एवं कोण्डागांव जिले के प्रवास के दौरान 27 मई की सुबह 10 बजे चारामा स्थित शासकीय विश्राम गृह पहुंचे। जहाँ पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तदुपरांत राज्यपाल को पुलिस के जवानों के द्वारा गरिमामय ढंग से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने कोण्डागांव के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय एडीसी निशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

### ओपन परीक्षा आवेदन के लिए तिथि की गई घोषित

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा 2025 के तहत परीक्षा अगस्त 2025 में हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि राज्य ओपन परीक्षा रायपुर के द्वारा घोषित की गई है।

## पेज 11 का शेष

### उपभोक्ता फोरम में टाटा इंश्योरेंस के खिलाफ अवार्ड पारित

ओनर नारायण बैस की मौत हो गई। नारायण बैस के पास वैध एवं प्रभावी ड्राइविंग लायसेंस नहीं होने के कारण क्षतिपूर्ति दावा निरस्त किया गया है। चालक के पास वैध एवं प्रभावी ड्राइविंग लायसेंस नहीं होना बीमा शर्तों का घोर उल्लंघन है।

न्यायालय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही, सदस्य रूपा शर्मा, सदस्य अरविंदसिंह परिहार के बेंच ने फैसला सुनाया है कि परिवादी द्वारा प्रस्तुत न्याय दृष्टांत 2021/3 एसीसीडी/दिल्ली उच्च न्यायालय बक्सामल बनाम श्रीमती हिना व अन्य निर्णय धारा 14 के द्वितीय परंतुक के निबंधनों में चालक अनुज्ञप्ति/ड्राइविंग लाइसेंस की अवसान तारीख से 30 दिनों की अवधि के लिए लगातार प्रभावी है। मोटरयान अधिनियम के अनुसार लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी 30 दिन की अवधि तक प्रभावी बनी रहेगी। नारायण बैस का लाइसेंस 23 दिसंबर 2019 तक वैध था तथा मृत्यु 1 जनवरी 2020 को हुई। इस कारण परिवादी बीमा धन राशि प्राप्त करने का अधिकारी है।


### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं उत्तम प्रकाश साहू पिता श्री दयालूराम साहू ग्राम कठौली, तहसील कुरूद, जिला धमतरी छत्तीसगढ़ का निवासी हूं।

यह कि मेरी पुत्री का नाम टिकेश्वरी साहू उर्फ कुमारी टिकेश्वरी पिता श्री उत्तम प्रकाश साहू अलग-अलग दस्तावेज में दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उनका नाम टिकेश्वरी साहू पिता का नाम उत्तम प्रकाश साहू दर्ज है। यह कि मैं पूर्व सैनिक हूं और मेरे सर्विस बुक में पुत्री का नाम कुमारी टिकेश्वरी दर्ज है जबकि दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है। यह कि मेरी पुत्री उपरोक्त दोनों नाम से जानी-पहचानी व पुकारी जाती है तथा उपरोक्त दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है। यह कि मेरी पुत्री का नाम टिकेश्वरी साहू एवं कुमारी टिकेश्वरी पिता श्री उत्तम प्रकाश साहू दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात टिकेश्वरी साहू उर्फ कुमारी टिकेश्वरी का ही है।

अतः मेरे कथनानुसार यह आम सूचना प्रकाशित की जाती है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। सो सूचना जानें।

**उत्तम प्रकाश साहू**
**पिता श्री दयालूराम साहू**
**निवासी-ग्राम कठौली, तहसील कुरूद,**
**जिला-धमतरी छत्तीसगढ़**


घटुला के समाधान शिविर में हितग्राहियों को रूपे कार्ड, केसीसी नकद, खाद का वितरण

# सुशासन तिहार जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत घटुला में निकटतम 17 ग्राम पंचायतो बिरनासिल्ली, गढुडोंगरी मा, गढ़डोंगरी रै, घटुला, लखनपुरी, लटियारा ,मल्हारी, मौहाबहारा, नवागांव एस, पैकभाटा, पांवद्वार, पोड़गांव, रतावा, सिरसिदा, उमरगांव, रानीगांव, गिधवा को शामिल कर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग के आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद थे। समाधान पेटी में 7239 मांग एवं 37 शिकायत कुल 7276 आवेदन शामिल किए गए।

शिविर स्थल में ग्रामीणों से 283 मांग एवं 7 शिकायत कुल 290 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें 268 आवेदनों का शिविर स्थल में निराकरण किया गया एवं शेष 24 आवेदन को 15 दिवस के भीतर निराकरण किये जाने का आश्वासन





दिया गया। सहाकारिता विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को रूपे कार्ड, 4 हितग्राहियों को केसीसी नगद वितरण, 4 हितग्राहियों को खाद का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 5 छात्रा-छात्राओं को गणवेश वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित नवनिहालों को 4 कुपोषण किट, 2 नवनिहालों को अनप्राशन व 5 गर्भवती माताओं की गोद भराई रस्म की गई। कृषि विभाग द्वारा 1 किसान को किसान पुस्तिका, 252 हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र दिया गया। जनपद पंचायत नगरी द्वारा 74 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी गई। जनपद पंचायत नगरी द्वारा 14 हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत किया गया। समाज कल्याण द्वारा व्हील चेयर 1, ट्राईसिकल 1, श्रवण यंत्र 1 वितरित किया गया। 8 श्रमिकों को श्रम कार्ड प्रदाय किया गया। कृषि विभान द्वारा बीज का मिनीकिट एवं उद्यान विभाग द्वारा सब्जी किट दिया गया।

इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि सुशासन तिहार जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। शासन की मंशा है कि हर व्यक्ति को उसके अधिकारों का लाभ सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से मिले। संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि अधिकतर समस्याओं का निपटारा शिविर स्थल पर हो।

समाधान शिविर में अध्यक्ष जिला पंचायत अरूण सार्वा, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, प्रदेश महामंत्री अविनाश दुबे, जनपद सदस्य राजू गोसाई, पूर्व जनपद सदस्य उमेश देव, अनुविभागीय अधिकारी (रा) प्रीति दुर्गम, तहसीलदार नगरी तेजपाल ध्रुव, तहसीलदार बेलरगांव कुसुम प्रधान, जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोझा, विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम समेत 17 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव व विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

# राशन दुकान को यथावत रखने की मांग

- भूमका के ग्रामीणों ने एसडीएम नगरी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम पंचायत हिर्रीडीह के आश्रित ग्राम भूमका के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम से नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम भूमका में पूर्व से सहकारी राशन दुकान संचालित थी जिसे हिर्रीडीह के ग्रामीण हिर्रीडीह में दुकान संचालित करने की मांग कर रहे हैं। भूमका के लोगों के बताया कि जिस भवन में संचालित करने की मांग कर रहे हैं, वह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है।

ग्राम भूमका एक बड़ा ग्राम है। यहां 6 वार्ड है, वहीं हिर्रीडीह में केवल 4 वार्ड है। अधिक जनसंख्या के चलते ग्राम भूमका में राशन दुकान संचालित है और इसका संचालन पूर्व कलेक्टर भीमसिंह मंडावी के कार्यकाल से हो रहा है। भूमका के ग्रामीणों ने राशन दुकान को यथावत रखने की मांग की है। नगरी एसडीएम कार्यालय पहुंचे प्रकाशचंद साहू ने बताया कि सहकारी राशन दुकान भूमका में संचालित है जहां अधिक जनसंख्या है और ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं हो रही है। बिना रोक-टोक के ग्राम भूमका में राशन दुकान संचालित हो जिसके चलते हम सभी ग्रामीण मांग के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान शारदा मरकाम, संगीता ठाकुर, परमीन साहू, मलभा सलाम, गंगाराम, हनुमान ध्रुव, छबिलाल, दिवस कुमार, दिव्येश साहू, कोमलेश साहू, पुरानिक, राजेश नेताम, राकेश नेताम, कोमल राम, बीरबल राजकुमार, विक्रम मौजूद थे।

## बेलरगांव में कबीर प्राकट्य दिवस पर निकली कलश यात्रा

**नगरी।** मानिकपुरी पनिका समाज तहसील इकाई बेलरगांव द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस ज्येष्ठ बरसाईत कार्यक्रम कबीर गुरुद्वारा बेलरगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी प्रीति भी पहुंचे थे। सभी अधिकारियों ने महंत साहेब से आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी प्रतिनिधियों का सम्मान पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया। मुख्य अथिति जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम थी। अध्यक्षता लक्ष्मीदास मानिकपुरी संत कबीर मानिकपुरी समाज तहसील इकाई बेलरगांव ने की।

- कलेक्टर, सीईओ, एसडीएम ने महंत साहेब से लिया आशीर्वाद

विशेष अथिति जनपद सदस्य सोमनाथ ध्रुव, जनपद सदस्य मौसमी विमल मंडावी, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, जनपद सदस्य नंदनी साहू, सरपंच बेलरगांव रीता नेताम ,सरपंच नवागांव कमलेश्वरी नेताम, सरपंच आमगांव कमलेश्वरी नेताम, सरपंच गढ़डोंगरी रजनी



नेताम , मनोहर दास मानिकपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलरगांव थे। महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकली गई पश्चात चौका आरती कार्यक्रम हुआ।

इस कार्यक्रम में पीडी कुलतेश्वर, एलडी मानिकपुरी, पीडी मानिकपुरी, भूषण दास मानिकपुरी, रामेश्वर दास मानिकपुरी, ईश्वर दास मानिकपुरी, लाल दास मानिकपुरी, भुवन दास मानिकपुरी, तुलादास मानिकपुरी, नारायण दास मानिकपुरी, नरोतम दास मानिकपुरी, महत्तम दास मानिकपुरी, संतोष दास मानिकपुरी, चन्दन दास मानिकपुरी, भुवन दास मानिकपुरी, गीता बाई, दीप्ति मानिकपुरी, श्यामबाई मानिकपुरी, गंगा बाई, सरस्वती, कोकिला मानिकपुरी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में विद्युत समस्या का हुआ निराकरण



**धमतरी।** सुशासन तिहार अंतर्गत तृतीय चरण में पूरे जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम रत्नाबांधा में भी तीन दिन तक शिविर लगाया गया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने क्रेडा विभाग द्वारा ग्राम रत्नाबांधा में पीजी कालेज मोड़ स्वामी विवेकानंद मूर्ति के पास सौर ऊर्जा से संचालित लाइट के खराब होने की शिकायत सुशासन तिहार में की थी। विभाग ने इस शिकायत को गंभीरतापूर्वक लेते हुए विद्युत अव्यवस्था को ठीक किया।

## न्याय यात्रा में शामिल हुए जनपद सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कांग्रेस की न्याय यात्रा किरन्दुल से लेकर दंतेवाड़ा तक निकाली जा रही है जिसकी अगुवाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कर रहे हैं। न्याय यात्रा 4 दिनों में 40 किलोमीटर चलकर दंतेवाड़ा पहुंचेगी। दूसरे दिन की न्याय यात्रा में प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य के साथ सरपंच मुकेश कुंजाम, नील कुमार कोड़ोपी, अमृत नाग, एनएसयूआई अध्यक्ष अरविंद यादव एवं हितेंद्र कुंजाम शामिल हुए। श्री कुंजाम ने बताया कि न्याय यात्रा का समापन 29 मई को दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट घेराव के साथ होगा। यह यात्रा बस्तर के अधिकार के लिए, जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों को बचाने के लिए है। इस यात्रा को हजारों की संख्या में जनसमर्थन मिल रहा है।

## नगारची समाज का वार्षिक महासम्मेलन 14 एवं 15 जून को



- कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार प्रदेश स्तरीय बैठक आदिवासी सामुदायिक भवन कुरुद में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में हुई। वार्षिक महासम्मेलन 14 एवं 15 जून को कुरूद के इंडोर स्टेडियम भवन में संपन्न कराने के लिए रूपरेखा तैयार की गई और समाज के सभी प्रभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष देवनाथ नेताम, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष रामनारायण नगारची, प्रदेश महासचिव ललित नगारची, प्रदेश अनुशासन न्याय समिति अध्यक्ष प्रदुमन नगारची, प्रदेश युवा अध्यक्ष कौशल नगारची, प्रदेश महिला अध्यक्ष सरिता नगारची, प्रदेश संरक्षक डीपी मरकाम, बसंत नगारची, प्रेम लाल नगारची, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश नगारची, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत, मनोज, देवेंद्र, सतीश मरकाम, प्रदेश सचिव राजेश नगारची, धनेंद्र नगारची, प्रदेश संयुक्त सचिव राजकुमार मरई, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चरण नगारची, युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष ठकेश्वर नगारची, सचिव मुकेश मरकाम, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी बघेल, कोषाध्यक्ष केंवरा बाई, प्रदेश सचिव ग्रामीण डामिन नगारची, अनु. न्याय समिति उपाध्यक्ष अरुण नेताम, नरसिंह नगारची, संतोष नगारची, हितेश नगारची समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी प्रदेश सचिव ललित नगारची ने दी।

## बहुआयामी था अहिल्या बाई का व्यक्तित्व : शशि

- ऑपरेशन सिंदूर से बचा नारी का स्वाभिमान : कविंद्र जैन
- एक देश एक चुनाव से मिलेगी विकास को गति : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा मंडल भोथली की मंडल स्तरीय संगोष्ठी ग्राम छाती में हुई। गोष्ठी में अहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा के साथ साथ ऑपरेशन सिंदूर एवं एक देश एक चुनाव पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि पवार ने बताया कि रानी होल्कर का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने अपने 30 वर्ष से अधिक के शासनकाल में राज्य के उत्थान के लिए हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। चारों धाम, बारह ज्योतिर्लिंग सहित अनेक धार्मिक धरोहरों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराकर उन्होंने देश को जोड़ने का काम किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली भी रानी अहिल्या बाई से बहुत अधिक प्रेरित है। उन्होंने भी देश के धार्मिक धरोहरों को नई पहचान दी। हर क्षेत्र में भारत




का स्वाभिमान बढ़ाया है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने देश की नारियों का सिंदूर उजाड़ कर चुनौती दी थी। जिसका बदला भारत ने पहले सिंधु जल समझौता समाप्त कर तथा उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लिया।

जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने अहिल्या बाई होल्कर की न्याय परायणता से जुड़े कुछ वृतांत सुनाये। उन्होंने एक देश एक चुनाव की आवश्यकता पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि देश की सरकारों का लगभग 40 प्रतिशत समय या तो चुनाव कराने में या आचार संहिता लगने से बाधित होता है। वर्तमान समय में चुनावों में होने वाले अत्यधिक खर्च के कारण देश पर भारी आर्थिक बोझ भी पड़ता है। इन सभी नुकसान से देश को बचाने के लिए और विकास की गति को और अधिक तेज करने के लिए एक देश एक चुनाव की व्यवस्था जरूरी है।

मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल ने संगठन के कार्यों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आनंद मेश्राम ने किया। मौके पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री रोहिताश मिश्रा, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बसंत गजेंद्र, जिपं सदस्य धनेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू, मंडल महामंत्री निरंजन साहू, तारेन्द्र चंद्राकर, हुलास राम साहू, पूर्णिमा बनपेला, यतीशभूषण श्रीवास्तव, प्रीतम साहू, संतोष बल्ला चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, कांतु साहू, बलीराम साहू, जीवन साहू, हिमांशु साहू, जीवनलाल सोनवानी, गजानंद चंद्राकर, नरोत्तम साहू, पारसमणि साहू, रोशन साहू, ललित साहू, रीतू साहू, रुक्मणि सेन, मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थि थे।

## महानदी एकेडमी में सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शानदार रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



महानदी एकेडमी में सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं एवं 10वीं के छात्रों ने कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कक्षा 12वीं में संयम जैन पिता योगेश जैन स्ट्रीम वाणिज्य संकाय 94 प्रतिशत, छविन पटेल पिता लेमचंद पटेल स्ट्रीम वाणिज्य 93 प्रतिशत, हर्षित जैन पिता मोहनलाल जैन स्ट्रीम वाणिज्य 90 प्रतिशत, यशवर्धन पांडे पिता ईश्वरी प्रसाद पांडे स्ट्रीम विज्ञान 78.80 प्रतिशत, प्राची शर्मा पिता दीपक शर्मा स्ट्रीम विज्ञान 73.6 प्रतिशत, माही सिंह पवार रविन्द्र सिंह पवार स्ट्रीम विज्ञान 73 प्रतिशत रहे। कक्षा 10वीं में भव्य चोपड़ा पिता गणेश चोपड़ा 88.20 प्रतिशत, सुधांशु साहू पिता चूड़ामणि साहू 80.40 प्रतिशत, सिद्रा फातिमा मेमन पिता इदरीश मेमन 80.2 प्रतिशत, पलक साहू पिता विरेन्द्र कुमार साहू 80 प्रतिशत, संस्कृति देवांगन पिता अजय देवांगन 79.80 प्रतिशत, प्रज्ञा गंजीर पिता मनोज कुमार गंजीर 76.80 प्रतिशत, अर्पिता बिसेन पिता विपिन चंद्र बिसेन 76.80 प्रतिशत रहे। शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मोहन नाहटा, उपाध्यक्ष निकेश्वर ठाकुर, ट्रेजरर अजय छाजेड़, सचिव अहमद रज़ा, शशांक सलाम समेम विद्यालय स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मितानिनों से ली आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी

**अंवरी।** मितानिनों की मासिक बैठक हुई। नपं अध्यक्ष ने मितानिनों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी ली। कितने लोगों का बना है और कितना बाकी है। सुशीला निर्मलकर ने कहा कि मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर कम करने में सभी मितानिन, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से परिवार भ्रमण कर हाईरिस्क माता की पहचान कर उसे इलाज के लिए भेजेंगे।

बिना मापदंड के एक और स्टॉप डेम का निर्माण किया जा रहा

# पिछली बारिश में क्षतिग्रस्त स्टॉप डेम पर आज तक नहीं लगा गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी से चारगांव मार्ग किनारे जंगल के पास साईसिल नाला में वन्य प्राणियों के संरक्षण एव संवर्धन हेतु नवा विकास कार्य अंतर्गत स्टॉप डेम एवं डाइक का निर्माण किया गया था। इसी तारतम्य में कई स्थानों पर स्टाप डेम निर्माण किया गया है। नगरी के समीपस्थ बीट क्रमांक 353 भालूपानी नाला में लाखों रुपए की लागत से स्टाप डेम बनाया गया है जिसमें वन्य प्राणियों के संरक्षण एव संवर्धन हेतु नवा विकास कार्य अंतर्गत स्टॉप डेम एवं डाइक का निर्माण किया गया था जो पिछले वर्ष पहली बारिश में ही बह गया था। एक जानकारी के अनुसार स्टॉप डेम एवं डाइक का निर्माण रेंज के द्वारा बिना टेंडर बाहरी ठेकेदार से



कराया गया था। इनकी शिकायत उच्च अधिकारी एवं शासन प्रशासन से की गई थी। जांच का आश्वासन मिला था लेकिन जिस परिक्षेत्र अधिकारी ने स्टॉप डेम का निर्माण अपने बाहरी ठेकेदार से कराया गया था उन्हीं से जांच कराई गई।

आज तक स्टॉप डेम पर गेट लगाना ही भूल गया है जो महज पिछले साल बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो चुका था। वन विभाग द्वारा इसकी रिपेयरिंग की गई थी मगर आज तक स्टॉप डेम पर गेट ही नहीं लगाया गया। वर्ष 2025 में लगभग 200 मीटर कुछ दूरी पर और वन विभाग द्वारा एक स्टॉप डेम निर्माण कराया जा



रहा है जिसके निर्माण कार्य स्थल को देखकर लग रहा है कि बिना मापदंड के निर्माण कराया जा रहा है। हाथी विचरण मार्ग पर काम बंद पड़ा हुआ है। वन विभाग नगरी द्वारा निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी सामान्य से इस प्रतिनिधि ने कितनी जगह पर और कितनी राशि की लागत से स्टॉप डेम निर्माण कार्य हो रहा है, इसकी जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारी के निर्देश के अनुसार ही जानकारी दे पाऊंगा। जहां पर हाथी विचरण मार्ग बना हुआ है, वहां पर काम बंद है।

# दिव्यांगजनों को रोजगार दिलाने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की बैठक संतोषी विश्नोई की अध्यक्षता तथा घनश्याम सिंह साहू के आतिथ्य में हुई जिसमें संस्था का पंजीयन, आय-व्यय की जानकारी, नशामुक्त समाज की परिकल्पना के साथ दिव्यांगजनों के रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं बैटरीचलित वाहनों की रिपेरिंग के लिए दुकान खोलने संबंधी चर्चा हुई।

दिव्यांगों के विवाह में आने वाली बाधाओं को सुलझाने के बारे में सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक में बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, शिवचरण साहू, सोमन, फागूराम, सुलेखा अली तथा सुलोचना उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बना विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : रंजना



**धमतरी।** विगत दिनों दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक के बाद आर्थिक अर्थव्यवस्था पर आधिकारिक घोषणा करते हुए यह बताया गया कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अब चौथा स्थान हासिल कर लिया है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने हर्षित होकर कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2014 में देश की सत्ता संभाली, तब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान पर थीं। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में अर्थात 2024 तक उन्होंने इसे पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया था और इस दौरान भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और अब जापान को पीछे छोड़ चौथे स्थान पर अपनी जगह बनाई है।

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में आज मंत्रालय का घेराव करेंगे





**धमतरी।** संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक 28 मई को तूता मैदान नया रायपुर में दोपहर 12 बजे मंत्रालय का घेराव करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती ममता खालसा एवं जिलाध्यक्ष अमित महोबे ने कहा कि जिस तरह सभी शिक्षक साथियों ने एक साथ संघर्ष करके शिक्षाकर्मी की प्रथा को समाप्त किया। इसी तरीके से इस विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण की और शिक्षक को प्रताड़ित करने की शासन की गलत नीतियों को भी समाप्त करने के लिए तैयार रहेंगे। हरीश सिन्हा, लोमस साहू, सुनीता यादव, गौरी गुप्ता, देवेश साहू, शेषनारायण गजेंद्र, आलोक मत्स्यपाल, प्रदीप सिन्हा, वरुण साहू, हुमन चंद्राकर, पदुम साहू हितेश साहू, बेदराम साहू, नोमेश साहू ने भी शिक्षकों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी जिला मीडिया व आईटी सेल प्रभारी दीपक सहारे ने दी।

### भाजपाइयों ने की कुम्हड़ाईन देवी मंदिर प्रांगण की सफाई

**नगरी।** रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर मां कुम्हड़ाईन देवी मंदिर प्रांगण गट्टासिल्ली में भाजपा मंडल कुकरेल के कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई की। मौके पर प्रमुख रूप से महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, संजय मरकाम अध्यक्ष भाजपा मंडल कुकरेल, रामकुमार सामरथ सरपंच गट्टासिल्ली, अखिलेश प्रजापति पूर्व महामंत्री भाजपा मंडल कुकरेल, ननकूदास मानिकपुरी, इंदल प्रजापति, मनोहर सेन, खेदूराम निषाद, प्रमेंद्र साहू उपस्थित थे।

### नगर निगम ने मरम्मत के लिए जल संयंत्र से पानी की सप्लाई रोकी

# राइजिंग पाइपलाइन फटी रात तक नहीं हुई जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में पेयजल प्रदाय करने वाली बड़ी राइजिंग पाइपलाइन रत्नाबांधा रोड रेस्ट हाउस के पास फट गई। पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से रोड पानी से लबालब हो गया। पाइप से निकलने वाली पानी की धारा तेज रफ्तार में होने की वजह से मध्यम रिपेयरिंग के बाद भी नहीं रूकी। नगर निगम जल संयंत्र प्लाट से पानी की सप्लाई रोककर मरम्मत कार्य में जुटा है। मंगलवार शाम तक रिपेयरिंग का काम पूरा नहीं हो सका इसलिए शहरवसियों को रात तक पेयजल नहीं मिल पाया। हालांकि रिपेयरिंग से पहले नगर निगम प्रशासन ने सूचना जारी की थी कि रत्नाबांधा रोड में राइजिंग पाइपलाइन के विस्तार कार्य के दौरान मुख्य जलापूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। लाइन की मरम्मत होने तक पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम से



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जल संयंत्र प्लाट से जल आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। शाम व देर रात तक नगर में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम ने असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए कहा कि समय रहते आवश्यकतानुसार जल का भंडारण कर लेवें। सामान्य आपूर्ति के लिए निगम प्रयासरत हैं।

विदित हो कि पाइपलाइन विस्तार के समय राइजिंग पाइप लाइन के फटने से पूरा सड़क जलमग्न हो गया। रास्तों में पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। वाहनों के चलने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। लोगों की मांग पर राइजिंग पाइप की पानी सप्लाई को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

#### पाइपलाइन फटने की शिकायत

शहर में 84 किमी पाइपलाइन, राइजिंग पाइप लाइन जल प्रदाय के लिए बिछाई गई है। जिसके माध्यम से 11 ओव्हरहेड टैंक एवं शहर के 25 हजार नल कनेक्शन से पानी पहुंचता है। पाइपलाइन व राइजिंग पाइप लाइन के फटने की शिकायत आम हो गई है। प्रतिदिन यह शिकायत निगम कार्यालय पहुंचती है। इससे पहले विंध्यवासिनी मार्ग, ब्रम्ह चौक, लक्ष्मी निवास, पोस्ट आफिस वार्ड, मकेश्वर वार्ड, जालमपुर, आमापारा आदि ऐसे स्थानों से पाइप लाइन फूटने की शिकायत मिली है। कहीं-कहीं तो रिपेयरिंग के बाद दोबारा फट रही है।

#### पुराने पाइप वाहनों के प्रेशर से फट जाते हैं

निगम कर्मचारियों का कहना है कि पाइपलाइन काफी पुरानी है हालांकि कुछ स्थानों पर पाइप बदल दिया गया है। पुराने पाइप के फूटने की शिकायत आती है। वहीं कुछ पाइप लाइन उथले स्थानों पर है। वाहनों के चलने से प्रेशर के कारण पाइप फट जाते हैं। राइजिंग पाइप पानी के अत्यधिक प्रेशर से फट जाते हैं। कई बार घरों का नल बंद रहता है इसलिए राइजिंग पाइप पर दबाव बनता है। रिपेयरिंग के समय भी विस्तार करते समय कई बार राइजिंग पाइप फट जाते हैं, जिसे सुधार करने में 24 से 26 घंटे का समय लगता है।

# योग से छत्तीसगढ़ को स्वस्थ व निरोग राज्य के रूप में उभारेंगे : रूपनारायण

- बस्तर प्रवास के दौरान योग आयोग अध्यक्ष का धमतरी में भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा मंगलवार को अपने बस्तर प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए धमतरी में घड़ी चौक स्थित हिन्दूजा मिष्ठान्न भण्डार में रुके। यहां पार्टी के सदस्यों व समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर शपथ के साथ ही श्री सिन्हा योग को बढ़ावा देने जुट गए हैं। उनके द्वारा व्यापक योजना तैयार करने के साथ ही जिलों का दौरा किया जा रहा है। प्रेस से चर्चा में उन्होंने कहा कि योग प्रशिक्षक तैयार कर सभी स्कूलों में योग कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिरों से होगी क्योंकि सनातन धर्म के प्रचार में शिशु मंदिरों की अहम भूमिका है।

यूट्यूब चैनल, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम से योग का प्रचार - प्रसार किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ा जा सके। अंतिम छोर में बसे लोगों को तक योग पहुंचे। धर्मान्तरण के खिलाफ अभियान चलाने के साथ ही गौसे वा की मुहिम भी चलाई जाएगी। योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयास में कोई कसर नहीं रहेगी। प्रत्येक माह हर जिले में योग दर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्री सिन्हा ने अपनी पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि मेरा बचपन धमतरी में ही बीता। यही मेरी कर्मभूमि भी रही। इस धरा पर मेरा ऐसा आत्मीय स्वागत मुझे अभिभूत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हम योग के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं, जिसे पंचायत स्तर तक ले जाने के लिए जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हम छत्तीसगढ़ को एक स्वस्थ व निरोग राज्य के रूप में उभारेंगे।

इस अवसर पर ननि सभापति कौशल्या देवांगन, कवीद्रि जैन, चेतन हिन्दूजा, बीथिका विश्वास, डेनिस चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश लुनिया, संजय छाजेड़, सुधीर गुप्ता, डॉ दिनेश नाग, पार्षद आशा लोधी, पार्षद चंद्रभागा साहू, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, भागवत साहू, नंदू लोधी, रेमन दास साहू, लखन सिन्हा, राजिंदर सिंह जुनेजा, मुरारी राम चंदन, रेवाराम निषाद उपस्थित थे। योग आयोग अध्यक्ष श्री सिन्हा अपने पुराने मित्रों लक्ष्मण हिंदूजा, प्रेमू राखेचा, हेमू संकलेचा, भूपेन्द्र मिश्रा, सुधीर गुप्ता, संजय छाजेड़ से भी मिले।

# महापौर ने आमदी में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संवाद हेतु प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 122वां एपिसोड नगर पंचायत आमदी में श्रवण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से महापौर रामू रोहरा उपस्थित थे। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने की।



मौके पर मंडल अध्यक्ष विनय जैन, महामंत्री कोमल देवांगन, उपाध्यक्ष कोमल यादव, सभापति उमानंद कुंभकार, सुनीता साहू, जागेश्वर नेताम, सरिता साहू, पार्षदगण नारायण मटियारा, किरण साहू, छबलू, लक्ष्मी पटेल, संतोषी साहू, त्रिभुवन मटियारा, जागेश्वर साहू, ज्ञानेश्वर साहू, जितेंद्र पटेल, कृपाल साहू, असरु राम साहू, बेनीराम साहू, कार्तिक राम साहू, कमताराम साहू, राघवेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी विष्णुराम साहू, गुलेद साहू, ईश्वर ध्रुव, दुष्यंत साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, खालेंद्र साहू उपस्थित थे।

# समर कैंप से बच्चों में छिपी प्रतिभा में आ रहा निखार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा विभाग एवं सीबीएसई द्वारा गर्मी की छुट्टियों में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 23 मई से 2 जून तक सुबह 7:30 बजे से समर कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप पूरी तरह स्वैच्छिक है।

इस समर कैंप में बच्चे कहीं किताबों पर, कहीं गमलों पर तो कहीं ड्राइंग पेपर पर ड्राइंग कर रहे हैं। कोई बच्चा गा रहा है, कोई वाद्ययंत्र बजा रहा है तो कोई खेल रहा है। रोचक गतिविधियों के साथ जुंबा डांस, प्लांटेशन, सलाद डेकोरेशन, रांगोली, टॉय मेकिंग आदि में बच्चों की गर्मी की छुट्टियां खुशी-खुशी निकल रही हैं।

छात्रों में बढ़ते डायबिटीज और मोटापे की समस्या के निराकरण के लिए शाला में शुगर जागरूकता बोर्ड बनाकर छात्रों को इससे अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे शिविरों में बच्चे मौज-मस्ती के साथ कुछ रचनात्मक कार्य भी सीखते हैं और उनमें सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास विकसित होता है।

# राष्ट्रीय रंग महोत्सव के लिए शाश्वत उत्सर्ग की टीम रवाना



- आकाशगिरी द्वारा निर्देशित नाटक गगन दामामा बाज्यो का होगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप धमतरी के कलाकार अखिल भारतीय संस्कृतिक संघ पुणे महाराष्ट्र द्वारा आयोजित 21वीं राष्ट्रीय रंग महोत्सव 2025 में हिस्सा लेने रवाना हुए जिसमें पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित और आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित गगन दामामा बाज्यो नाटक का मंचन किया जायेगा। इस नाटक का तकनीकी मार्गदर्शन और डिज़ाइन प्रशासन एस. मालदियार ने किया है। आकाशगिरी गोस्वामी, गौतम साहू, सोहन साहू, वैभवरणसिंग, सुनील मैथ्यू, दुष्यंत सिन्हा, आशीष साहू, हरीश सिन्हा, फाल्गुनी साहू, जान्हवी साहू, वैष्णवी साहू, विरेंद्र कुंजाम, सुरेश दास मानिकपुरी अपने-अपने सशक्त अभिनय से जीवंत प्रस्तुति देंगे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवक एवं काउंसलर भी मोनो एक्ट में देश के विभिन्न जन जागरूकता मुद्दों पर प्रस्तुति देंगे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, डिप्टी कलेटर बी. एक्का, सीएमएचओ, यूएल कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर जगदल्ले, रेडक्रॉस चेयर पर्सन प्राप्ति वाशानी, वॉइस चेयर पर्सन शिवा प्रधान, रंगकर्मी राजकुमार सिन्हा, प्रशान्त गिरी, मनोज बंछोर, लोकेश प्रजापति, विनोद डिंडोलकर, चंद्रप्रकाश साहू, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, गोपी कुर्रे, सोमनाथ साहू, पुष्कर चंद्राकर, प्रियांशी मिश्रा ने शुभकामनाएं दी हैं।

# समर कैंप में छात्र सीख रहे मराठी भाषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय धमतरी में एक सप्ताह का समर कैंप चलाया जा रहा है जिसमें छात्रों को विशेष रूप से मराठी भाषा सिखाई जा रही है। कैंप के पहले दिन मराठी भाषा से जुड़े अभिभावक विजय पदमवार ने छात्रों को मराठी भाषा में दैनिक जीवन में वार्तालाप सिखाया। कैंप में मराठी भाषा से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप कराया जा रहा है। कैंप को रोचक बनाने मराठा समाज से अंजनेय पवार,



मोना हैवार आदि को आमंत्रित किया गया है। कैंप का आयोजन प्राचार्य गिरीश बाबू कुशवार, धनेश्वर राम साहू एवं पीएल साहू द्वारा किया जा रहा है जिसे छात्रों एवं अभिभावकों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

# पांच साल से डंप कचरा को किया साफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत बारना में चार पांच साल से डंप कचरा की साफ-सफाई होने से यहां के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। इस अभियान में सरपंच दीपक कुमार पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, पंच लक्ष्मी साहू, सोनम प्रजापति, सोहद्रा पटेल, मुकेश प्रजापति, कीर्तन पटेल, खुशबू साहू, चोवाराम पटेल के अलावा वार्डवासियों का सहयोग रहा।

# ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर वितरित

**नगरी।** क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने अपने विधायक मद से विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी टैंकरों का वितरण किया गया। यह वितरण ग्राम पंचायत भड़सिवना, झुंझराकसा, भण्डारवाड़ी, मुड़केरा एवं सेमरा में हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, प्रभा नेताम, हनीफ खान, भानेन्द्र ठाकुर, भुशन साहू, अखिलेश दुबे, सरपंच नील कोड़ोपी, सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# न्याय यात्रा में शामिल होने जा रहे कांग्रेस नेताओं का एनएसयूआई ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने जा रहे एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे का मुजगहन बाईपास के पास एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने लायक था।



जिले से बड़ी संख्या में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेसजनों ने न्याय यात्रा में भाग लेने के लिए काफिले के रूप में प्रस्थान किया। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि यह न्याय यात्रा जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों की लूट के खिलाफ है। हमारी आवाज़ बस्तर के अधिकारों के लिए है, जिसे सरकार और निजी उद्योगपतियों के गठजोड़ से छीना जा रहा है । एनएसयूआई धमतरी छात्रों, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए निरंतर संघर्षरत है। इस दौरान पारसमणि साहू, ओम मानिकपुरी, चितेंद्र साहू, तेजप्रताप साहू, अरविंद यादव, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, विनय साहू, सुदीप सिन्हा, उमेश साहू, लिकेश साहू, राहुल साहू, कृष्णा लहरे, पुष्पेंद्र साहू, राकेश मौर्या, हितेश गंगवीर, कृष्ण मरकाम, उदितनारायण साहू, विशु देवांगन, अंकुर गोस्वामी, विक्रम साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान के साथ दानीटोला में समर कैंप का समापन

# समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के दानीटोला वार्ड स्थित सामाजिक भवन में परिक्षेत्र साहू संघ दानीटोला द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहा। समर कैंप के समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले ऋषभ साहू, शशांक साहू, डिंपल साहू, श्रेया साहू, मुक्तिका साहू, गोविंद साहू, मानसी साहू, गुलशन साहू, राजवीर साहू का सम्मान किया गया। समर कैंप में सर्व समाज के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष



अवनेंद्र साहू, तहसील साहू संघ शहर धमतरी अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष चंद्रभागा साहू, पार्षद महिमा सागर वार्ड दीपक सोनकर, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे ने समाज के इस पहल की सराहना की साथ ही बच्चों को समर कैंप में सीखे हुनर जैसे प्रार्थना, संस्कार, परिचय, इंग्लिश एक्टिविटी, कागज का उड़ता, चिड़िया निर्माण, योग शिक्षा, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, मिट्टी की कलाकृति, डांस, नैतिक शिक्षा, मनोरंजक गतिविधियों का उपयोग अपने घर परिवार और पड़ोसियों को सिखाने में उपयोग करने प्रेरित किया।

इस अवसर पर तहसील सचिव डॉ. रामकुमार साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष मदन साहू, उपाध्यक्ष विमल साहू, रंजना साहू, सचिव कैलाश साहू, झुमकलाल साहू, बंशीलाल साहू, किशनलाल साहू, जनार्दन गजपाल, दानीटोला वार्ड अध्यक्ष कोमल साहू, संगम कुमार साहू, मोहित साहू, प्रीतिबाला साहू, उपाध्यक्ष मतेश्वर साहू, सहसचिव हरीश साहू, कोषाध्यक्ष चोवालाल साहू, डॉ. उमाशंकर साहू, जालमपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, रुक्मणी साहू, हेमलता साहू, लता साहू, पीलूराम साहू, समाज सेवक आनंदी साहू समेत सामाजिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







